हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 सितंबर 2025

06 30 लाख खर्च, फिर जलकुंभी और प्लास्टिक से पटे...



08 गुजराती बोले सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो...





### कृत्रिम कुंड बनकर तैयार, गणेश वंदना कर सीएमओ ने कराया मूर्ति विसर्जन प्रारंभ

# पर्यटन घाट पर आज होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, नगर प्रशासन ने किए इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा हर्बल पार्क में मूर्ति विसर्जन करने हेतु कृत्रिम कुंड बनाया गया है। कृत्रिम कुंड से संबंधित समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। देर शाम मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा भगवान श्री गणेश की वंदना कर मूर्ति विसर्जन शुरू कराया गया। शासन द्वारा मां नर्मदा के सभी घाटों पर मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित किया गया है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र तिवारी, नगरपालिका के कार्य प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, अंबक पाराशर, रीना गुप्ता, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, स्वच्छता शाखा से विशाला शर्मा, गौरव वर्मा, दुलारे यादव सहित बड़ी संख्या में नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सभी तैयारी हुई पूरी कुंड पूरी तरह से रेडी

कार्य प्रभारी दीक्षा तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर हर्बल पार्क में बने कृत्रिम कुंड में मूर्ति विसर्जन की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। कृत्रिम कुंड के आसपास लाइटिंग की व्यवस्था, कुंड में विसर्जन करने हेतु गोताखोरों की और मूर्ति विसर्जन के लिए जेसीबी की व्यवस्था की गई है। वाहनों के आने जाने के रूट पर गिट्टी डाली गई है।

10 दिवसीय गणेशोत्सव का आज विराम होगा। भक्तों द्वारा अगले बरस फिर जल्दी आने का वादा लेकर भगवान श्री गणेश को भावभीनि विदाई देंगे।



### पांच कलेक्शन सेंटर बनाए

उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नगर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पांच स्थानों पर प्रतिमा कलेक्शन सेंटर बनाए गए हैं। जिनमें ग्वालटोली सिंधी कालोनी, नर्मदा महाविद्यालय, हरियाली चौक, रसूलिया चौक, सतरस्ता शामिल हैं। इन कलेक्शन सेंटरों पर प्रतिमाओं का कलेक्शन किया जाएगा फिर उन्हें कुंड में विसर्जित किया जाएगा।

### मूर्ति विसर्जन समारोह के दौरान व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन

हर्बल पार्क में मूर्ति विसर्जन समारोह के दौरान विगत वर्षों की व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन किया गया है पूर्व में वाहन पुलिस अधीक्षक निवास के पीछे से हर्बल पार्क होते हुए कलेक्ट्रेट के पिछले द्वार से प्रवेश कर मुख्य द्वार से बाहर निकलते थे। अब विसर्जन हेतु आने वाले वाहनों को कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार से प्रवेश कर सीधे हर्बल पार्क के लिए जाएंगी और पीछे वाले रास्ते से बाहर निकलेंगी। छोटी मूर्तियों वाले वाहन हर्बल पार्क गेट पर छोटी मूर्तियों को उतार कर विसर्जन उपरांत दाहिने मुड़ते हुए कलेक्ट्रेट के पिछले रास्ते से पुलिस अधीक्षक निवास के पीछे से पीपल तिराहा, जेल तिराहा होते हुए वापस निकलेंगे। जबकि बड़ी मूर्तियों वाले वाहन जिनमें मूर्तियों को क्रेन के माध्यम से विसर्जित किया जाना है हर्बल पार्क में प्रवेश कर सकेंगे उक्त वाहन हर्बल पार्क में कृत्रिम कुंड के आगे से वापस लौट कर बाएं मुड़ते कलेक्ट्रेट के पिछले हिस्से से पुलिस अधीक्षक निवास के पीछे से पीपल तिराहा जेल तिराहा होकर वापस जा सकते हैं। कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार से सीधे हर्बल पार्क वाला रास्ता एकांगी मार्ग रहेगा जिसमें सिर्फ वाहन जा सकेंगे वापस लौटना वर्जित होगा। हर्बल पार्क में वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं है अतः व्यक्तिगत वाहन न लाएं मूर्ति विसर्जन हेतु सामूहिक रूप से आने वाले वाहनों में ही अपनी मूर्तियां विसर्जन हेतु लाएं।

### सुरक्षापूर्वक करें मूर्ति विसर्जन

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि भगवान श्री गणेश प्रतिमा के विसर्जन हेतु हर्बल पार्क में शासन के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा कृत्रिम कुंड बनाया गया है। जहां पर श्रद्धालुओं की मूर्ति विसर्जन करने हेतु नपा की टीम तैयार रहेगी। मां नर्मदा का जल स्तर बढ़ा हुआ है अतः सुरक्षार्थ दृष्टि से आप प्रतिमा का विसर्जन कृत्रिम कुंड में करें। तथा नर्मदा के जल के समीप न जाएं। अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

## बिजली कंपनी कार्यालय में वाहन अटैचमेंट टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

### आवेदक ट्रेवल्स संचालक ने सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में वाहन अटैचमेंट टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए शहर के एक ट्रेवल्स संचालक ने गत दिवस कंपनी अधिकारी के नाम आवेदन सौंपा है। आवेदक नीरज यादव ने मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उप महाप्रबंधक के नाम सौंपे गए आवेदन में उल्लेख किया है कि संबंधित अधिकारी के कार्यालय में वाहन अटैचमेंट के लिए निविदा क्रमांक 1541 घोषित की गई थी। जिसमें 3 सितंबर 2025 तक का समय टेंडर भरने के लिए रखा गया था। नियमानुसार टेंडर की कॉपी नोटिस बोर्ड पर लगाना अनिवार्य था, लेकिन विभाग द्वारा नोटिस बोर्ड पर टेंडर संबंधी सूचना चस्पा नहीं की गई। आवेदन में नीरज यादव ने उल्लेख किया है कि 3 सितंबर 2025 की दोपहर 3 बजे तक का समय टेंडर फॉर्म भरने के लिए निर्धारित था। जिसकी जानकारी एक घंटे पूर्व ही कुछ लोगों को प्राप्त हो सकी थी। आवेदन अनुसार प्रार्थी नीरज यादव ने 3 सितंबर की दोपहर 2:58 बजे अपना टेंडर जमा किया था। एवं विभाग से जानकारी प्राप्त हुई थी कि दोपहर 3 बजे तक नीरज यादव का टेंडर आवेदन ही प्राप्त हुआ था। दोपहर 3:15 बजे नीरज यादव विभागीय कार्यालय से चले गए। लेकिन बाद में ज्ञात हुआ कि अन्य टेंडर भी जमा किए गए हैं, जबकि निर्धारित समय दोपहर 3 बजे तक था एवं तब तक एकमात्र टेंडर नीरज यादव के द्वारा ही जमा किया गया था। लेकिन 3:30 बजे ज्ञात हुआ कि तीन अन्य टेंडर भी जमा किए गए हैं। नीरज यादव ने शिकायत करते हुए मांग की है कि उक्त निविदा निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित की जाए। साथ ही मांग की है कि विधिवत विभागीय कार्यालय के सूचना पटल पर टेंडर के प्रपत्र चस्पा किए जाएं।

### 11 सितंबर को किया जाएगा रोजगार कैंप का आयोजन

**नर्मदापुरम।** जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा जिले में 11 सितंबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नर्मदापुरम में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया किया जाएगा। उक्त संबंध में मेले के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## कल्पना बनीं अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महा परिषद में सोहागपुर निवासी कल्पना रघुवंशी को महिला इकाई में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उक्त आशय का नियुक्ति पत्र गत दिनों संस्था की महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष अनुसुईया रघुवंशी द्वारा प्रेषित किया गया है। पत्र अनुसार समूचे मध्य प्रदेश में महिला इकाई में 20 से अधिक उपाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जिसमें कल्पना रघुवंशी निवासी गौतम वार्ड सोहागपुर भी सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है कि कल्पना रघुवंशी वर्तमान में लीनेश क्लब सोहागपुर की अध्यक्षा का दायित्व भी निभा रही हैं। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों सहित रघुवंशी समाज ने शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

### ग्रामीण अंचलों में गणेशोत्सव की धूम



सेमरी हरचंद। नगर में अनेक स्थानों पर जलझूलनी एकादशी के पर्व पर भगवान गणेश की महा आरती की गई नगर की दीक्षित कलोनी मैं गणपति बप्पा का भक्तोंने फूलों से श्रृंगार करके महा आरती एवं 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया महा आरती मैं बड़ी संख्या में माताएं बहने तथा श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दिन भर थमी रही बारिश, अब तक 1221 मिमी वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अब तक 1221.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1079.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 04 सितंबर से 05 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील सिवनीमालवा में 3.0 मिलीमीटर, इटारसी में 1.8 मिलीमीटर, माखननगर में 4.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 946.20 फीट है, तवा जलाशय का 1164.60 फीट है, बरगी जलाशय का 422.76 मीटर एवं बारना जलाशय 348.38 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है।

## शासकीय एसएनजी स्कूल में मनाया गया जिला स्तरीय शिक्षक दिवस, 80 शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में 5 सितम्बर को शासकीय एस.एन.जी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम के सभागृह में मनाया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले विषय शिक्षकों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। समारोह में 80 शिक्षकों को साल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रहलादी, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक राजेश गुप्ता, ए.पी.सी. विनोद तिवारी, जिला परियोजना समन्वयक राजेश जायसवाल, प्राचार्य साधना बिल्थरिया एवं प्राचार्य संदीप शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राचार्य डी.एन. व्यास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जनजातीय कन्या छात्रावास में नर्मदा अस्पताल व आरोग्य भारती ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त सम्पूर्ण स्वास्थ्य के अनेक आयामो पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम के सौजन्य से नर्मदापुरम के आनंद नगर स्थित शासकीय जनजातीय कन्या महाविद्यालय छात्रावास में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष व प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ राजेश शर्मा, नर्मदा अपना अस्पताल की वरिष्ठ महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनन्या रघुवंशी एवं जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ सौरभ रघुवंशी ने छात्राओं में होने वाले अनेक रोगों, हड्डी व जोड़ रोग से जुड़ी समस्याओं, महिलाओं के रोगों जनरल सर्जरी से सम्बंधित व्याधियों व मौसमी बीमारियों के उचित निदान हेतु परामर्श दिया। शिविर दवाओं का निशुल्क वितरण भी किया गया।

शिविर में 110 से अधिक छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। सभी छात्राओं और छात्रावास प्रबन्धन ने आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त व नर्मदा अपना अस्पताल का आभार माना वहीं संस्था के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि आरोग्य भारती में हम व्यक्ति के सम्पूर्ण स्वास्थ्य की अवधारणा पर कार्य करते हैं। आज के शिविर में छात्राओं की रोज़मर्रा के स्वास्थ्य संबधी समस्याओं का निदान किया गया आगे भी हम इस तरह के शिविरों का आयोजन करते रहेंगे।

## जागरुकता अभियान के तहत छात्राओं को दी गई जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में शुक्रवार को वन स्टाप सेटर नर्मदापुरम के द्रारा विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास आयोजित किया गया। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी ने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, वन स्टाप सेटर द्रारा दी जाने वाली सेवाओं, घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम 2012 की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षिका दीपा साहू,वन स्टाप सेंटर काउंसलर भागवती बिष्ट, केसवर्कर नेहा चण्डालिया आदि उपस्थित रहीं।

## विद्यार्थियों के समग्र विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है : कलेक्टर मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सर्वोच्च है, शिक्षक केवल पद नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी को गढ़ने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों के समग्र विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। यह बात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एसपीएम नर्मदापुरम में आयोजित शिक्षक दिवस सम्मान समारोह के दौरान अपने संबोधन में कलेक्टर सोनिया मीना ने शिक्षकों से कही। शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अयोजित उक्त कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई एवं उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य और नवाचारों के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, जिला शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रहलादि एवं डीपीसी डॉ राजेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर उपस्थित समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना पर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया जिसे कलेक्टर एवं वहां उपस्थित सभी शिक्षकों ने खूब सराहा।

## ग्राम सांगाखेड़ा में हुआ आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम सांगाखेड़ा कला में गत दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुर्वेद) के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विजयपाल ठाकुर ने की। यह भवन केवल इलाज का केंद्र ही नहीं होगा, बल्कि ग्रामीण अंचल में आयुष को बढ़ावा देने और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नरौलिया, सोहागपुर विधायक ठाकुर विजय पाल, जनपद अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, विभागीय अधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रमुख मार्गो से निकाला गया जुलूस, जगह-जगह हुआ स्वागत

# अकीदत के साथ मना जश्ने ईद मिलादुन्नबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर नर्मदापुरम में शुक्रवार को बहुत अकीदत और मोहब्बत के साथ पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब का यौमे विलादत जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान सुबह 8:30 बजे सानी जमा मस्जिद बालागंज से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक से बोर्ड स्कूल सराफा बाजार फाजिल मंजिल होकर हीरो होंडा शोरूम होकर उपभोक्ता भंडार के सामने जाकर समापन हुआ।

जुलूस में शहर के विभिन्न इलाकों से जुलूस आकर शामिल हुए जैसे बड़ी बजरिया सदर बाजार, मोमिनपुरा, ईदगाह, जुमेरती, आजमगढ़ एवं अन्य जगहों से आकर सम्मिलित हुए और लोगों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ जुलूस निकाला जिसमें जुलूस का जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया और लंगर के इंतजाम किए गए और जुलूस में समापन के दौरान लोगों को पुरस्कार वितरण दिया गया।



### देश में अमन चैन की मांगी दुआ

उसके बाद मुफ्ती मोहम्मद शमीम अख्तर साहब ने देश के लिए अमन और चैन की दुआ की इसमें प्रमुख रूप से शहर काजी अशफाक अली, हफीज अब्दुल अलीम, फैजान उल हक, कारी जाफिरुद्दीन, जब्बार खान, मुबीन खान, शेखहबीब, साकिर खान, अब्दुल वाहिद,हाफिज अतीक, गुलाम मुस्तफा, गफ्फार खान, शेख पप्पू, निसार खान, समीम कुरेशी, अफजल सिद्दीकी, मेराजउल हक, गुलामहैदर, फारुक खान, फुरकानखान, दिलावर बाग, एवं जिला प्रशासन के अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र रावत, एसडीओपी पुलिस जितेंद्र पाठक, थाना प्रभारी कंचन राजपूत, एवं देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे आदि उपस्थित अंजुमन मुफीदुल इस्लाम कमेटी नर्मदा पुरम ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं नगर प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## बाधाओं को दूर कर सभी को खुशहाल रखें श्री गणेश : सांसद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समूचे राष्ट्र में 11 दिनी विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान गणेश के उत्सव की खासी धूम मची है। भद्रशुक्ल पक्ष चतुर्थी के शुभ दिन से माँ गौरीपुत्र श्रीगणेश की सेवा जारी है। सनातनियों के हर घर समृद्धि, खुशहाली और मंगल कामना पूर्ति के लिए भगवान गजानन की पूजा चल रही इसी क्रम में नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 17 के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नर्मदापुरम स्थित जनता कार्यालय में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश विराजे हैं। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि राष्ट्र और प्रदेश वासियों की खुशहाल कामना के साथ रिद्धि सिद्धि समृद्धि सभी घर में सदैव बनी रहे। भगवान श्रीगणेश मार्ग से हर बाधा को दूर करें। उन्होंने बेहतर पैदावारी के साथ अन्नदाता किसान खुशहाल हो, व्यापारी बंधुओ का व्यापार अच्छा रहने आदि की कामना की।

### नगर पालिका ने जलगंगा अभियान चलाकर करवाया था सफाई कार्य

# 30 लाख खर्च, फिर जलकुंभी और प्लास्टिक से पटे माचना नदी व नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नगरपालिका ने शहर के बीच से गुजरने वाले 5 नालों और सीमा से गुजरने वाली माचना नदी की सफाई पर 30 लाख खर्च किए थे। लेकिन जहां-जहां सफाई करना बताया है वहां पर पहले से ज्यादा जलकुंभी, प्लास्टिक, थर्माकोल कचरे का अंबार लगा हुआ है।

दरअसल जलगंगा संवर्धन अभियान चलाकर नगरपालिका ने नालों और माचना नदी की सफाई की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान 2200 रुपए घंटे के हिसाब से पोकलेन 400 घंटे चलाने पर 9 लाख और मजदूर और ट्रैक्टर ट्रॉली पर 21 लाख हुए खर्च हुए थे। लेकिन अब इन नालों और नदी की हालत यह है कि कई जगह पानी के रास्ते तक पूरी तरह रुक गए हैं। खंजनपुर और हमलापुर से कर्बला घाट के आगे तक नदी की सफाई करवाई थी। नदी और नाले मिलाकर शहर और उसके आसपास 10 किलोमीटर में सफाई कार्य किया गया। लेकिन स्थिति पहले की तरह दिख रही है। माचना नदी में कई जगह तो पहले से ज्यादा गंदगी और प्लास्टिक जमा होने के कारण पानी के रास्ते रुक रहे हैं। मोक्षधाम के सामने माचना नदी जलकुंभी से पटी पड़ी है और किनारों पर प्लास्टिक और कचरा नजर आ रहा है।

#### कर्बला पर प्लास्टिक रोक रहा पानी का रास्ता

माचना नदी में कर्बला घाट पर जिस जगह पोकलेन चलीं थीं, वहां अब जलकुंभी और प्लास्टिक का अंबार लगा पड़ा है। इसी तरह गंज अंडर ब्रिज के समीप नाले में भी पोकलेन मशीन घंटों चली थी। यहां हालात यह है कि ब्रिज के समीप नाला थर्माकोल और प्लास्टिक से पटा पड़ा है। इतना प्लास्टिक था कि पानी का बहाव ही रुक गया था, जबकि यहां पर नगरपालिका ने पोकलेन मशीन चलवाकर सफाई कराई थी। लेकिन लोगों द्वारा नाले में कचरा डालने की वजह से यहां फिर गंदगी नजर आने लगी है। लोग दुकानों और घरों से निकलने वाले कचरे को नाले में फेंक देते है। जिससे यह कचरा किनारे फंस जाता है या पानी के रास्ते को अवरुद्ध करता है।

#### दो टुकड़ों में हुआ नदी-नालों की सफाई का काम

नगरपालिका ने शहर के नालों और माचना नदी की सफाई के लिए कुल 30 लाख रुपए खर्च किए थे। नगरपालिका ने 25 लाख और 5 लाख से टुकड़ों में यह काम किया था। पोकलेन चलाने का 2250 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से ठेका हुआ था। वहीं मजदूर और ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी फिंकवाने का काम शामिल था। नदी और नाले दोनों में यह काम हुआ। इसके अलावा केवल नदी पर सफाई पर 6 लाख रुपए और खर्च हुए थे। 400 घंटे पोकलेन चलाने पर 9 लाख रुपए खर्च किए। मजदूर, जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली डीजल पर 21 लाख रुपए खर्च हुआ। लेकिन अब माचना नदी में जलकुंभी पहले की तरह वापस आ गई है। जिससे नदी पूरी तरह हरी नजर आने लगी है।

#### जालियां हुई गायब, दोबारा लगाने की जरूरत

नपा ने शहर में 10 जगहों पर नालों में ऑस्ट्रेलियन पैटर्न की जालियां लगाई थीं। लेकिन ये जालियां चोरी हो गई। नगरपालिका ने नालों में 6 साल पहले इन जालियों को लगाने के सीमेंटेड प्लेटफार्म भी बनाए थे, जो अब जाली विहीन पड़े हैं। नपा ने दोबारा ऑस्ट्रेलियन ड्रेनेज सिस्टम के पैटर्न वाली इन जालियों को नहीं लगवाया है। दो साल पहले जरूर यहां पर दोबारा लोहे के शेड बनाकर जालियां लगाने की प्लानिंग की थी, लेकिन काम नहीं हुआ। यदि ये जालियां लग जाती तो मोटा कचरा इनमें अटक जाता और स्वच्छता अमला आसानी से अलग कर देता और प्लास्टिक नालों के रास्ते माचना नदी में नहीं जाता।

#### इनका कहना है

*माचना नदी और शहर के नालों का दोबारा मुआयना कर प्लास्टिक हटवाया जाएगा। जो भी व्यक्ति, इस तरह प्लास्टिक नाले में डाल रहा है उस पर कार्रवाई की जाएगी। पानी का बहाव नहीं रुके और नदी नाले लगातार बहते रहें, इसके लिए बेहतर व्यवस्था बनाई जाएगी।*

*- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल*

#### नपा ने जारी किए निर्देश

***बैतूल।*** *गणेश उत्सव के समापन अवसर पर प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर पालिका परिषद बैतूल ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर के कर्बला घाट, दामादैयत घाट तथा फिल्टर प्लांट के समीप माचना नदी में विसर्जन की आवश्यक व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही स्पष्ट आदेश जारी किया गया है कि हमलापुर घाट पर श्री गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा।*

***नगर पालिका परिषद बैतूल ने समस्त :*** *श्रद्धालुओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित किए गए कुण्डों में ही प्रतिमाओं का विसर्जन करें। परिषद ने कहा है कि हमलापुर घाट पर किसी भी स्थिति में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन न किया जाए। श्रद्धालुओं से अपेक्षा की गई है कि वे नगर पालिका परिषद द्वारा की गई इस व्यवस्था का पालन कर नगर के स्वच्छ वातावरण और परंपराओं को बनाए रखने में सहयोग दें। नपाध्यक्ष बैतूल श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, सीएमओ सतीश मटसेनिया एवं नगरपालिका परिषद बैतूल द्वारा जारी इस आदेश में सभी गणेश भक्तों से निवेदन किया है कि वे नपा की अपील को गंभीरता से लें।*

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर लेकर जाने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

### पुलिस ने सीधी से पकड़ा, पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग लडक़ी को पुलिस ने सीधी से बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दरोगा अगरिया (23) को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां ने सारणी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर कोई ले गया है। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बैतूल एसपी निश्चल एन झारिया के निर्देश पर पुलिस टीम ने तकनीकी और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच की। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी पर पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गईं। 4 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी दरोगा अगरिया ग्राम चवलाहा, पोस्ट चोपाल, जिला सीधी का रहने वाला है। इस मामले में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक सोनाली ढोक, सहायक उप निरीक्षक अनिल मोर्य, आरक्षक जितेन्द्र मोरे, वर्षा परिहार और साइबर सेल से दीपेंद्र की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसपी झारिया ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

## बालक आश्रम धार में आग में झुलसने की घटना की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन



**शाहपुर।** विकासखंड अंतर्गत आने वाले बालक आश्रम धार में छात्र के आग में झुलसने की घटना की जाने किये जाने की मांग की है। छात्रावास में रहने वाले बच्चों के पालक बालक आश्रम धार पहुंचे और इस घटना की जांच के लिए सहायक आयुक्त बैतूल को आवेदन दिया। जिसमें लिखा है कि पूर्व अधीक्षक बस्तीराम कुमरे के छात्रावास के संचालन के समय बच्चों के पास से पेट्रोल पाया गया था। पेट्रोल जैसे ज्वलनशील पदार्थ का छात्रावास में पाया जाना अनुचित है। छात्रावास अधीक्षक ने पूर्व में ही पेट्रोल जैसे ज्वलनशील पदार्थ के पाए जाने पर कार्रवाई की होती तो ऐसी घटना छात्रावास के अंतर्गत घटित नहीं होती। जिसके लिए पालकों ने विरोध व्यक्त किया और आने वाले समय में छात्रावास के अंतर्गत कोई भी इस तरह की घटना न हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम करने और दोषियों पर कार्रवाही किये जाने की मांग की।

## चोरी करने वाला आरोपी नगद रकम के साथ किया गिरफ्तार



**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ता के कार्यालय से हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर नगद रकम बरामद की है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को जितेन्द्र प्रजापति पिता नेहरू प्रजापति (उम्र 34 वर्ष, निवासी पाढर थाना कोतवाली बैतूल) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त को वह एक अधिवक्ता के ऑफिस में गया था। वहां रखे उसके बैग में कपड़े एवं उसकी मेहनत की कमाई के 5000 रखे हुए थे। किसी कार्य से बाहर जाने पर अज्ञात चोर ने खुले ऑफिस से बैग खोलकर 5000 की नकदी चोरी कर ली। लौटने पर जब फरियादी ने बैग देखा तो उसमें रखी रकम गायब थी। शिकायत पर थाना कोतवाली में धारा 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना शुरू की गई। कोतवाली पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से निरीक्षण किया। फुटेज के आधार पर संदेही दिलीप यादव पिता महादेव यादव, (40 वर्ष) निवासी गौली मोहल्ला कृष्णपुरा वार्ड, टिकारी, बैतूल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में उसने बताया कि चोरी किए गए 5000 में से 1000 खर्च कर दिए हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से शेष 4000 नकद बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

वसंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मुलताई के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षण सम्मान समारोह 2025 कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि सुनील केदार, पूर्व कैबिनेट मंत्री, महाराष्ट्र शासन, विशेष अतिथि विजय चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक छिंदवाड़ा, शैलेंद्र वागद्रे, पूर्व अधीक्षण अभियंता, एमपीपीजीसीएल सारनी, डॉ. ए. के. पांडे सेवानिवृत चिकित्सक, जिला चिकित्सालय बैतूल, डॉ. रानू वर्मा चिकित्सक जिला चिकित्सालय बैतूल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं उपाध्यक्ष (संगठन) मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी माननीय सुखदेव पांसे की अध्यक्षता में संपादित किया। मुलताई एवं प्रभात पट्टन विकासखण्ड से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 शिक्षकों को श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमे कृष्णकांत बनकर, रंजू सिंह दिवडे, महादेवराव बारस्कर, प्रदीप कुमार कुबडे, मुन्नालाल कुमर, सुरेश आजाद, रवींद्र राऊत, राजेंद्र गायकवाड़, हेमन्त धोटे, रामदयाल हजारे, नितिन मालवीय, भीमराव खाखरे राजेश शिवहरे, विद्यासागर बिंझाडे, सुनील मर्सकोले, ममता बरोदे, नामदेव डांगे, संदीप आठनेरे, सुरेश निरापुरे, लेखराम मोहबे, गुणवंत देशमुख, छोटेलाल जाम्बूरे, दिनेश बोरवार, धनराज नागले, प्रदीप पांसे, यशवंतराव बरडे, रतिराम रघुवंशी, राजेन्द्र कुमार माकोडे, रामकिशोर बनखेडे, रामचन्द धुर्वे, विपत खपरिए, सहदेव वाघमारे, सुभाष गाठे, हेमंत बोडखे, उषा कुंडलिक, उषा गुजरे, कमल पवार, सुखराम बारंगे, संजू बरोदे, रेखा इवने, सुखदेव जसुतकर, मंदा ठाकरे, द्वारका चरपे, जगदीश हुरमाडे, प्रमोद लहरपुरे, प्रतिभा झरबडे, मंदा खाडे, निर्मला कुरकांजी, गुणवंत देशमुख, लता परते, चंद्रमोहन माकोडे, वीरेंद्र नागले, अनुसया पाटनकर शामिल हैं। कार्यक्रम मे विद्यालय परिवार की डारेक्टर डॉ. मधु पांसे, विद्यालय के मार्गदर्शक दिलीप डांगे और सचिव प्रदीप डांगे भी शामिल रहे।

## शिक्षक दिवस पर कर्मचारियों ने किया देशव्यापी उपवास पुरानी पेंशन बहाली और वरिष्ठता बहाली की उठी मांग




**बैतूल।** 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर जहां एक ओर देशभर में गुरुजनों का सम्मान किया गया, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपने अधिकारों को लेकर उपवास रखकर शासन का ध्यान आकृष्ट किया। पुरानी पेंशन वाली राष्ट्रीय आंदोलन भारत एवं मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय अध्यक्ष के आह्वान पर आज पूरे देश के हर जिले में कर्मचारियों-अधिकारियों ने एकजुट होकर पुरानी पेंशन बहाली और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर उपवास रखा। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता नहीं मिलती है तो वे शासन के बड़े लाभों से वंचित रह जाएंगे। उन्हें न तो ग्रेच्युटी मिलेगी और न ही पेंशन का अधिकार प्राप्त होगा। इसीलिए आज का उपवास आंदोलन पुरानी पेंशन बहाली के साथ-साथ नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की बहाली को लेकर किया गया। बैतूल जिले में हुए इस उपवास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल हुए। उपस्थित पदाधिकारियों में प्रांतीय सचिव ब्लॉक अध्यक्ष चिचोली रवि सरने, जिला अध्यक्ष पुरानी पेंशन वाली राष्ट्रीय आंदोलन धनराज पाटील, ब्लॉक अध्यक्ष बैतूल गंगाराम गुडॉले, कोषाध्यक्ष रवि अतुलकर, अनिल गोस्वामी, प्रकाश देवड़े, अनीता सोनारे जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सिंधु धुर्वे, सुनीता उइके, राजकुमार राठौर, अशोक बने, राजू आठनेरे, शैलेंद्र बिहारिया और गोपाल बिहारे शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में शासन से मांग की कि शिक्षकों और कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुरानी पेंशन तत्काल बहाल की जाए और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को मान्यता दी जाए। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष पूरे देश में जारी रहेगा।

### करीब 50 एकड़ से अधिक मक्का फसल बर्बाद

# जंगली सूअरों ने मक्का के खेतों में मचाई तबाही, किसान हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

क्षेत्र के चिरमाटेकरी, सलीमेट, बानाबेहड़ा, चिखल्दा और कछार हांडीपानी, धपाड़ा, छीमड़ी, खापा,गुवाड़ी सहित अनेक गांवों के किसान इन दिनों जंगली सूअरों के आतंक से बेहाल हैं। रात में झुंड बनाकर खेतों में घुसने वाले सूअर अब तक करीब 50 एकड़ से अधिक मक्का फसल बर्बाद कर चुके हैं। किसानों का अनुमान है कि अब तक लाखो रुपये का नुकसान हो चुका है। ग्राम चिरमाटेकरी के किसान बाबूलाल मरकाम ने बताया कि उनके चार एकड़ में खड़ी मक्का की पूरी फसल चौपट हो गई।

इसी गांव के किसान बाराती धुर्वे, तेरा सिंह भलावी, विवेक ठाकुर और नंदू कोड़पे भी नुकसान से जूझ रहे हैं। ग्राम बानाबेहड़ा के किसान जयपाल मासकोले ने बताया, मैंने इस साल सात एकड़ में मक्का बोई थी। उसमें से करीब आधा एकड़ फसल जंगली सूअरों ने बर्बाद कर दी। इतनी महंगी खाद-बीज और मजदूरी के खर्च के बाद अब हमारी लागत कैसे निकलेगी, यही चिंता है। ग्राम हांडीपानी के किसान राजू चौहान और सूरतराम का कहना है कि पिछले साल भी फसल को नुकसान हुआ था, लेकिन इस बार स्थिति और ज्यादा गंभीर है। लगता है सूअरों की संख्या पहले से दोगुनी हो गई है। खेतों में रौंदे हुए मक्का का ढेर देखकर मन टूट जाता है। किसानों बाराती धुर्वे, तेरा सिंह भलावी, और नंदू कोड़पे ने बताया कि इस सीजन में यूरिया, डीएपी, पोटाश और बीज की कीमतें आसमान छू गई थीं। एक एकड़ की बुवाई में ही हजारों रुपए लग गए। बावजूद इसके, सूअरों ने मेहनत पर पानी फेर दिया। किसानों का कहना है कि इतनी महंगी लागत झोंकने के बाद भी अगर फसल सुरक्षित नहीं रही तो खेती करना दिन-ब-दिन मुश्किल हो जाएगा। किसानों ने सरकार और विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही मुआवजे और स्थायी समाधान की व्यवस्था करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में सोयाबीन और रबी की गेहूँ फसलें भी सुरक्षित नहीं रहेंगी।

#### इनका कहना है

फसल के नुकसान का मुआवजा राजस्व विभाग द्वारा दिया जाता है। हमें कहीं से जानकारी प्राप्त होती है तो हमारे स्टाफ द्वारा पटवारी को साथ लेकर इसका पंचनामा तैयार करवाया जा रहा है।

**- वीरेंद्र तिवारी,** वन परिक्षेत्र अधिकारी भौंरा

पटवारी को नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां से भी नुकसान की सूचना मिलती है। पटवारी द्वारा सर्वे किया जा रहा है।

**- टी. विश्क,** तहसीलदार शाहपुर

### नपा ने कर बकायदारों के नाम का लगाया फ्लेक्स

# नाम देखने को उमड़ी भीड़, 10 हजार से ऊपर बकायदारों के नाम शामिल




**आमला।** नगर पालिका आमला वर्षो से वित्तिय स्थिति से जूझ रही हैं। जिससे नपा के निर्माण कार्य समय पर नही होते है और न ही नपा के कर्मचारियों का वेतन समय पर हो पाता है। नपा आमला में जब से नपा सीएमओ नितिन बिजवे आए है, तब से उन्होंने नपा की प्रशासनिक व्यवस्था में तो बदलाव किया ही है, साथ ही अब नपा की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने कठोर कदम भी उठा रहे हैं। नपा के रजिस्टर में बडे बकायदारों की लंबी फेहरिस्त है। जिनसे वसूली करने नपा ने कई बार प्रयास किये, लेकिन बडे बकायदारों का नपा को दिए जाने वाला कर अदा करने में कोई रुचि नही दिखा रहे थे। जिसके बाद नपा द्वारा बकायदारों को बकायदा नोटिस के माध्यम से सूचना भी दी, लेकिन इसका कोई असर दिखाई नही दिया। अब नपा ने बकायदारों के नाम शहर के जनपद चौक पर करीब 100 लोगो के नाम का फ्लेक्स लगाकर सूची सार्वजनिक कर दी हैं। सूची सार्वजनिक करने से बकायदारों में हडकंप मच गया हैं। नपा ने अपनी वित्तीय स्थिति से निपटने के लिए ये कदम उठाया है। बिजली विभाग पर 15 लाख से अधिक का कर बकाया है। बकायदारों की सूची में आमला के दिग्गज ओर कई चर्चित नाम हैं। वही लोगो के नाम सार्वजनिक होने से फ्लेक्स को देखने लोगो की भीड जुट गई हैं। नपा द्वारा जारी प्रेस नोट में यह भी स्पष्ट किया है कि अगर बकायदारों ने राशि जमा नही की, तो उनके नाम दर्ज संपत्ति को कुर्क करने कि कार्यवाही की जावेगी।

#### इनका कहना है

हमनें नोटिस जारी कर बकायदारों को राशि जमा करने के लिए पहले ही कहा था। 10 हजार से ऊपर के बकायदारों की सूची का फ्लेक्स बनाकर लगाया है। नोटिस जारी कर बकायदारों को राशि जमा करने को पहले से ही कहा गया था।

**- अखिलेश नेगी,** राजस्व अधिकारी नपा आमला।

### ईद मिलादुन्नबी पर जामा मस्जिद में हुआ मुख्य कार्यक्रम, कई

# ईद पर कई इलाकों से निकले जुलूस, गूंज नारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पैगंबर ए इस्लाम के जन्मदिन का पर्व ईद मिलादुन्नबी बैतूल में शुक्रवार को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के कई हिस्सों से जुलूस निकाले गए और सडक़ों को सजाया गया। मुख्य कार्यक्रम कोठी बाजार स्थित जामा मस्जिद में हुआ, जहां समाज के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही शहर में जश्न का माहौल रहा। दारुल उलूम रहमानिया संस्थान से प्रमुख जुलूस निकला, जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ जामा मस्जिद पहुंचा। इसी तरह गर्ग कालोनी, फांसी खदान और गंज इलाके से भी जुलूस निकाले गए। जुलूसों में बड़ी संख्या में धर्मगुरु और लोग शामिल हुए। रास्ते में जगह-जगह लंगर और भंडारे का आयोजन किया गया। जामा मस्जिद चौक पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने धर्मगुरुओं का स्वागत किया। यहां नातख्वानी और तकरीरें हुईं और श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी गई। इस मौके पर पेश इमाम जावेद चिश्ती ने पैगंबर इस्लाम के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से अपील की कि पैगंबर साहब की शिक्षाओं और जीवन मूल्यों को अपनाएं और उनके बताए मार्ग पर चलकर इंसानियत और भाईचारे का संदेश फैलाएं।

#### ईद मिलादुन्नबी पर निकाली भव्य पैदल एवं बाइक रैली

**सारनी।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर नगर में हर्षोल्लास के साथ जुलूस एवं रैलियों का आयोजन किया गया। सुबह के समय नगरवासियों ने पारंपरिक पैदल रैली निकाली, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान जगह-जगह पर नगरवासियों द्वारा भंडारे एवं जलपान की व्यवस्था की गई। इसके बाद बागडोना गेट से डीजे के साथ विशाल बाइक रैली का शुभारंभ हुआ, जो शोभापुर पाथाखेड़ा होते हुए सारनी नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए मस्जिद पहुंची। इस रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने शामिल होकर जुलूस को भव्यता प्रदान की। कई स्थानों पर स्वागत द्वार बनाकर रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पूरे नगर में रैली के दौरान उत्साह का वातावरण बना रहा। हर गली-मोहल्ले में लोगों ने जुलूस का अभिवादन किया और भाईचारे का संदेश दिया। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा भी व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष प्रबंध किए गए। ईद मिलादुन्नबी का यह आयोजन नगर में एकता और सौहार्द का संदेश देता हुआ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### परंपरानुसार सोहागपुर एवं सिवनी मालवा में हुआ आयोजन, प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

# डोल ग्यारस पर किया भजन प्रतियोगिताओं का आयोजन, भजन मंडलों की शानदार प्रस्तुतियां

ग्रामीण अंचलों में डोल ग्यारस के अवसर पर भजनों प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गाया। जिले के सोहागपुर एवं सिवनी मालवा विकासखण्डों में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा**

डोल ग्यारस पर्व के इस धार्मिक आयोजन ने सिवनी मालवा ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी भक्ति और संस्कृति का संदेश फैलाया तथा यह सिद्ध किया कि सनातन संस्कृति में भजन और सत्संग समाज को जोड़ने और ईश्वर से मिलने का वर्षों से सशक्त माध्यम हैं।

डोल ग्यारस पर्व के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और जागृत हिंदू संस्कृति रक्षक मंच के संरक्षण में आयोजित विराट ईनामी भजन मंडली प्रतियोगिता धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के बीच भव्य रूप से सम्पन्न हुई। यह प्रतियोगिता लगातार एक दिन और दो रात तक चली, जिसमें प्रदेश भर से आए पंद्रह प्रसिद्ध भजन मंडलों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का समापन पांच सितंबर की सुबह चार बजे हुआ और कुल बारह विजेता मंडलों को पुरस्कार एवं सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख एवं कार्यक्रम संयोजक शिव राठौर ने बताया कि डोल ग्यारस महोत्सव पर यह विराट ईनामी भजन मंडली प्रतियोगिता पिछले 26 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। इस बार भी यह आयोजन नगर के जय स्तंभ चौक वाहन पार्किंग मैदान पर तीन सितंबर की रात्रि सात बजे प्रारंभ हुआ और परंपरागत भक्ति माहौल में निरंतर चला।

इस विराट प्रतियोगिता में पंद्रह मंडलों ने अपनी प्रस्तुति देकर न केवल श्रोताओं को भक्ति में डुबो दिया, बल्कि वातावरण को भजनों की मधुर ध्वनियों से गुंजायमान कर दिया। मंच से रामकृष्ण और अन्य भजनों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। प्रतियोगिता में नगर और क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। इनमें सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी, यादव महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह मंडलोई, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष पारीक, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह मंडलोई, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रितेश जैन, भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक पंडित दिनेश तिवारी, राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित अविनाश मिश्रा और पंडित संजय शर्मा, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गोर, विहिप जिला अध्यक्ष डॉ. सुभाष दुबे, जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी समेत अनेक सामाजिक और धार्मिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता में मंडलों को पुरस्कृत करने के साथ-साथ इस वर्ष विशेष प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत श्रीराम फेरी मूर्तिकार अखाड़े के गुरु का भी सम्मान किया गया। पुरस्कृत मंडलों में महावीर मंडल सोयत, शिव ज्योति सरगम मंडल तिलडिया, नागराज मंडल इटारसी, सरस्वती मंडल चुना हुजूरी, कृष्ण मंडल बोरखेड़ा, शिवशक्ति मंडल नाहरकोला, नव ज्योति मंडल ज़माडा, आदर्श मंडल डोडाबानी, श्रद्धा मंडल रतबाड़ा, महाकाल मंडल गनेरा, बाल योगेश्वर मंडल रानीपुर, रामकृष्ण मंडल दाविदा, ज्योति मंडल केवला झिर शामिल रहे। इसके अलावा बेस्ट ढोलक मास्टर, बेस्ट डांसर और बेस्ट कोरस को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के संचालन की जिम्मेदारी विनोद रघुवंशी, दीपक सोनी और शीतल चौधरी ने निभाई, जबकि निर्णायक मंडल में प्रकाश यदुवंशी, थुआ अजब सिंह लोवंशी शामिल रहे। अंत में आयोजन समिति की ओर से संयोजक शिव राठौर ने सभी अतिथियों, मंडलों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

### सोहागपुर में 127 वें वर्ष का डोल ग्यारस समारोह संपन्न, भजन प्रतियोगिता का समापन, किया इनाम का वितरण

**सोहागपुर।** नगर में 126 वां डोल ग्यारस महोत्सव गुरुवार रात संपन्न हुआ। भजन प्रतियोगिता समापन उपरांत मंडलों को पुरस्कृत किया गया। डोल ग्यारस महोत्सव समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई मंच पर हुई इनामी भजन प्रतियोगिता में नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों के 10 मंडलों ने सहभागिता की। राकेश चौधरी व गजेंद्र चौधरी ने बताया कि पहले तीन राउंड में धार्मिक प्रसंगों पर भजनों की प्रस्तुति मंडलों ने दी। फाइनल राउंड रात लगभग नौ बजे प्रारंभ हुआ एवं आधी रात के बाद पुरस्कार वितरण के साथ डोलग्यारस पर्व का वार्षिक आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान विधायक विजयपाल सिंह सहित अन्य अतिथियों ने पुरुस्कार वितरित किये। विधायक विजयपाल सिंह एवं समस्त अतिथियों ने सहभागी मंडलों, श्रोताओं एवं क्षेत्रवासियों को सफल आयोजन पर बधाई दी। एवं प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।



#### दिए पुरुस्कार

नवीन चौधरी ने बताया कि 15-15 हजार रुपयों के तीन पुरुस्कार क्रमशः श्री राम मंडल सिटियागोहना, श्री राम मंडल ऊमरखेड़ी तथा श्री मां वैष्णो मंडल सिंगोड़ी को दिये गए हैं। 10-10 हजार रुपयों के दो पुरुस्कार श्री शिव ज्योति मंडल भयावाड़ी तथा श्री श्याम मंडल मोकलवाड़ी मंडलों को दिये गए हैं। चार-चार हजार रुपए के तीन पुरुस्कार श्री दुर्गा मंडल नया पट्टन, श्री बालकृष्ण मंडल ठीकरी तथा श्री शारदा मंडल सोनपुर को दिये गए हैं। 8000 रुपये का विशेष पुरस्कार श्री बाल गोपाल बालिका मंडल श्री ढाना चूरना को दिया गया है।

## सुखतवा नदी में नहाने गए डूबे दादा और पोते का शव मिला



**हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी**

गुरुवार को दोपहर सुखतवा नदी में डूबे 55 वर्षीय हरिप्रसाद राठौर और उनके 5 वर्षीय पोते हर्षू राठौर के शव बरामद कर लिए गए हैं। हरिप्रसाद का शव शुक्रवार की सुबह मिला, जबकि उनके मासूम पोते का शव दोपहर में एसडीआरएफ की टीम को मिला। इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। यह दिल दहला देने वाली घटना गुरुवार, 4 सितंबर को उस समय हुई थी जब दादा-पोते घर से नदी में नहाने का कहकर निकले थे। दोपहर करीब 1:30 बजे वे सुखतवा नदी में नहाने गए और अचानक लापता हो गए। जब वे काफी समय तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। नदी के किनारे उनके कपड़े, गमछा और चप्पल मिलने के बाद अनहोनी की आशंका गहरा गई थी।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंच गए थे। रात होने तक भी बचाव दल को कोई सफलता नहीं मिल पाई थी। शुक्रवार की सुबह से ही एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की विशेष टीम ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद, टीम को पहले हरिप्रसाद राठौर का शव नदी के निचले हिस्से में मिला।

इसके बाद, पूरे दिन मासूम हर्षू की तलाश जारी रही। दोपहर में, आखिरकार एसडीआरएफ की टीम को हर्षू का शव भी मिल गया। इस दुखद खबर से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। यह घटना परिवार और पूरे गांव के लिए एक गहरा सदमा है।

## शर्मा हुए एनएफआईआर के ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी मनोनीत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी**

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा को नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन के 31वें राष्ट्रीय अधिवेशन में नवनिर्वाचित ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी के रूप में चुना गया है। यह जबलपुर जोन और पूरे वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



#### दिल्ली में रैली, भोपाल में स्वागत

श्री शर्मा के चुनाव से पहले, 3 सितंबर को दिल्ली में एक रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें देशभर से सैकड़ों रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया। इस रैली में कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, निजीकरण का विरोध करने और आठवें वेतन आयोग की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन किया। दिल्ली से भोपाल लौटने पर, श्री शर्मा का स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के सैकड़ों युवाओं ने ढोल-धमाकों और माल्यार्पण के साथ उनका अभिनंदन किया और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान बी.एल. मिश्रा, कमलेश परिहार, जावेद नियाजी, आर.के. शर्मा, नितिन परमार, संजय कटारे, और अनिरुद्ध सोनी सहित कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे।

#### इटारसी से कार्यकर्ताओं ने की शिरकत

श्री शर्मा के स्वागत के लिए भोपाल में उनके निवास स्थान पर भी कार्यकर्ताओं ने उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर डब्ल्यूसीआरएमएस इटारसी के शीर्ष नेतृत्व, जिसमें भागीरथ मीणा, कुंदन अगलावे, संजय कैचे, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर, महाकाल कश्यप, नितिन ओंकार, आकाश यादव, तरुण शुक्ला, राजेश यादव, गुलाब सरोदे, आर.के. श्रीवास्तव, संतोष चतुर्वेदी, अर्जुन, योगेश चौरे, और प्रीतम तिवारी ने दिल्ली की रैली में भाग लिया और श्री शर्मा को उनके नए पद के लिए बधाई दी।

## पचमढ़ी में गणेशोत्सव की धूम, सजे दरबार लगी भक्तों की भीड़, हो रहे कई कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी**

हर साल की तरह, इस साल भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर पचमढ़ी के गांधी चौक पर स्थित श्री गणेश मित्र मंडल समिति ने भगवान गणेश की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की है। प्रतिमा की सुंदरता और अद्भुत सजावट भक्तों का मन मोह रही है। गणेश चतुर्थी के पहले दिन से ही शहर में उत्सव का माहौल है। समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा की पहली झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में भक्त गांधी चौक पहुँच रहे हैं। चारों ओर गणेश जी के जयकारे गूँज रहे हैं। पंडाल को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है, जिससे पूरे इलाके में एक दिव्य और आकर्षक माहौल बन गया है। श्री गणेश मित्र मंडल समिति के सदस्यों ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले इस गणेश उत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें भजन-कीर्तन, बच्चों के लिए प्रतियोगिताएँ और विभिन्न झाँकियाँ शामिल हैं। भक्तों के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि *हमारा उद्देश्य सिर्फ गणेश जी की पूजा करना नहीं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखना भी है। इस उत्सव के माध्यम से हम सभी को एक साथ लाकर खुशी और सद्भाव का संदेश देना चाहते हैं। पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं ताकि भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो। इस साल भी यह उम्मीद की जा रही है कि पिछले सालों की तरह बड़ी संख्या में श्रद्धालु गणेश जी के दर्शन करने पहुँचेंगे और इस उत्सव को सफल बनाएँगे।



## कलेक्टर और एसपी ने किया कृत्रिम विसर्जन कुंडों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**

अनंत चतुर्दशी पर श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन दौरान कोई भी अप्रिय घटना ना हो व जन सुरक्षा की स्थिति बनी रहे, इसके लिए प्रशासन द्वारा पलकमती नदी किनारे कुंड बनाए जा रहे हैं, ताकि इनमें श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा सके।उल्लेखनीय है कि सोहागपुर के नागरिक श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नर्मदा घाटों तक जाते रहे हैं। लेकिन घटनाओन की संभावना बनती है। इसके लिए प्रशासन सजग है व प्रदेश सरकार भी नदियों में प्रतिमा विसर्जन ना होने देने के लिए प्रतिबद्ध है। अतः कुछ वर्षों से सोहागपुर में भी पलकमती नदी में विसर्जन कुंड बनाए जा रहे हैं। सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नदी के किनारे अलग-अलग क्षेत्र में कुंड व आसान मार्ग भी बनाए जा रहे हैं। ताकि प्रतिमाएं सुरक्षित रूप से विसर्जित की जा सकें। नप सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि गुरुवार को नदी में बनाए जाते एक कुंड का निरीक्षण कलेक्टर सोनिया मीना, एसपी डॉ गुरकरन सिंह, एसडीएम प्रियंका भल्लावी, एसडीओपी संजू चौहान व तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने किया है।



## गणेशोत्सव समिति ने किया सांस्कृतिक आयोजन

**सोहागपुर।** नगर में स्टेट बैंक की पुरानी शाखा के पीछे स्थित निजी कालोनी में नागरिकों ने श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना की है। जहां गुरुवार रात सांस्कृतिक आयोजन पांडाल में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने भजनों एवं धार्मिक प्रसंगों पर आधारित गीतों पर एकल, युगल एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। लगभग 20 से अधिक बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन सामूहिक गरबा नृत्य के साथ किया गया। इस दौरान कॉलोनी के समस्त नागरिक उपस्थित थे। बच्चों को अंत में कालोनी वासियों व श्री गणेशोत्सव समिति ने प्रोत्साहित करते हुए उपहार प्रदान किए गए।



### ग्रामीण अंचलों में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का पर्व, जगह-जगह निकाले गये जुलूस, दी शुभकामनाएं

**माखन नगर।** मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर जामा मस्जिद से जुलूस निकाला जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस मस्जिद पर जाकर जुलूस में बच्चे और यवा नए परिधान पहनकर शामिल हुए जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोगों का नगर में अनेक जगह लोगों और संस्थाओं ने स्वागत किया आवास कॉलोनी में कांग्रेस मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र जोशी उमेश तिवारी प्रदीप शर्मा युवा नेता पार्षद पतिनिधि रत्नेश बडगूजर एवं साथियों ने मुस्लिम बंधुओ को गले लगा कर बधाई दी फल खिलाये वही



मेन रोड पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया बधाई शुभकामनाएं दी

पिपरिया। नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया जो एकता का सदेश देता है। बड़ीसंख्या में मुस्लिम समुदाय केलोगो ने हिस्सा लिया यह जुलूस पैगंबरमोहम्मद के जन्मदिन के जश्नके तौर पर निकला गया जगह-जगह स्वागत द्वारतैयार किए गए इस्लामी नारेगूंज रहे थे। जगह-जगह भंडारे भी कियाजा रहे थे। पैगंबरके प्रत्यास्थता और सम्मान को दर्शा रहे थे। भाईचारे एकता को मजबूत करता है। जुलूसके दौरान पूरे क्षेत्र को सजायागया । ईद मिलादुन्नबी पर बच्चोंप्यार दिया गया उपहार दिए गए सभी मस्जिकोसजाया गया। मुस्लिम समाजने तीन कब्रिस्तान मे 201 पौधे क्यों मुस्लिम समाज केद्वारा यह एक अनूठी पहल की गई पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण कासंदेश क्यों की।की पालिका परिषदकी की जो विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर परिषद अध्यक्ष नीना नवनीत नगपाल सभी पार्षद नगर पालिका परिषदके सभी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय की वालिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।



### सोहागपुर, पचमढ़ी सहित ग्रामीण अंचलों में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी, नागरिकों ने दी एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं

# मुस्लिम समुदाय ने हर्षोल्लास से निकाला जुलूस, राष्ट्र की खुशहाही के लिए मांगी दुआएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**

मुस्लिम समाज ने ईद मिलादुन्नबी पर शुक्रवार को जुलूस निकाला। सुबह मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्रों से निकाले गए जुलूस बिहारी चौक पर एकत्रित हुए। जहां से मुख्य जुलूस आगे बढ़ा।

इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नागरिक व युवाजन उपस्थित थे। जुलूस दोपहर 12 बजे के बाद पुराने थाने के पीछे रानी लक्ष्मी मंच के समीप पहुंचा, जहां जुलूस का समापन किया गया। क्षेत्रवासियों ने मुस्लिम समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जुलूस का स्वागत किया।



#### किया जगह-जगह स्वागत

जुलूस का विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह अभिनंदन किया। बिहारी चौक से आगे बढ़ने पर जुलूस का शरबत, मिष्ठान व पेयजल के साथ स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज ने प्रशासन सहित अभिनंदन करने वाले संगठनों व आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के नागरिक सम्मिलित हुए।

**पचमढ़ी।** शुक्रवार को पचमढ़ी में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें शहर के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह जुलूस पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस को समर्पित था और सांप्रदायिक सद्भाव का एक अनूठा उदाहरण पेश किया। जुलूस के दौरान, कई जगहों पर लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। हिंदू, सिख और ईसाई समुदाय के लोगों ने भी जुलूस में शामिल होकर भाईचारे और एकता का संदेश दिया। जगह-जगह शरबत, पानी और मिठाइयों का वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद थी और पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न कराने में सहयोग किया। इस अवसर पर, स्थानीय मुस्लिम नेताओं ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन और उनके मानवतावादी संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद ने हमेशा शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उनका जीवन हर इंसान के लिए एक प्रेरणा है। इस दौरान, पचमढ़ी के प्रमुख हिंदू और अन्य धर्मों के नेताओं ने भी मंच से लोगों को संबोधित किया और एकता का महत्व समझाया। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बच्चों का प्रोग्राम मस्जिद में रखा गया - ईद मिलादुन्नबी पर्व के मौके पर पचमढ़ी मोहम्मदी मस्जिद में बच्चों का नातिया प्रोग्राम रखा गया जिसमें करीबन 96 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के कार्यक्रम में शून्य से 7 वर्ष 8 से 11 एवं 12 से 14 वर्ष के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।





पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए की गई खास दुआ - ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर, जहां एक ओर पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में जुलूस निकाले गए, वहीं पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए विशेष दुआएं और प्रार्थनाएं की गईं। इस साल, पंजाब के कई हिस्सों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते यह ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार राहत और संवेदना का प्रतीक बन गया।ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान, कई मस्जिदों और दरगाहों पर विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की गईं, जिसमें लोगों ने बाढ़ पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने, उनके नुकसान की भरपाई और उनके जीवन में फिर से खुशहाली लाने की दुआएं मांगी। उलमाओं और धर्मगुरुओं ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन से दया और परोपकार के संदेशों का जिक्र करते हुए कहा कि इस कठिन समय में एक-दूसरे की मदद करना और उनका साथ देना ही सच्ची इबादत है।

**खबर संक्षेप**

### पिछले 24 घंटे में जिले में 6.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 6.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 8.4 मि.मी., टिमरनी में 5.6 मि.मी., खिरकिया में 9.8 मि.मी., सिराली में 2.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1000.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 884.7 मि.मी., टिमरनी में 1159.1 मि.मी., खिरकिया में 1015.5 मि.मी., सिराली में 1019.3 तथा रहटगांव में 924.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 5 सितम्बर तक 926.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### करंट लगने से युवक घायल, उपचार जारी

**हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम चारखेड़ा में शुक्रवार को एक मजदूर को करंट लगने से हादसा हो गया। टीटी नगर के पास डीपी पर बिना सुरक्षा उपकरणों के चार मजदूर सुधार कार्य कर रहे थे। दोपहर एक बजे अचानक बिजली सप्लाई चालू होने से 17 वर्षीय भीम पासी को करंट लग गया। वह डीपी से नीचे गिर गया। उसके पिता रजपाल पासी तुरंत उसे बाइक से जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने बताया कि युवक को करंट का तेज झटका लगा है। उसके दोनों हाथों और पीठ पर जलन की शिकायत है। फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर है। घायल मजदूर के पिता का कहना है कि उनका बेटा नौवीं कक्षा की पढ़ाई के बाद मजदूरी करता है। परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है।

### धान उपार्जन के पंजीयन 15 सितंबर से होंगे प्रारंभ

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार धान उपार्जन का पंजीयन 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। धान उपार्जन के लिए किसान अपना पंजीयन लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे, तहसील स्थित सुविधा केंद्र, ग्राम एवं जनपद पंचायत कार्यालय स्थित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एमपी किसान एप के माध्यम से करा सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विकय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा तथा किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ता पर हुई एफआईआर को वापस लेने की मांग

# गुजराती बोले सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे विरोध प्रदर्शन

यह विवाद सोमवार को तब शुरू हुआ जब बस स्टैंड पर राहुल गांधी के एक बयान को लेकर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



सोमवार को हुए राजनीतिक विवाद के बाद सीहोर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आज (गुरुवार) को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बीजेपी कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करने और कांग्रेस कार्यकर्ता पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि हमने कोतवाली थाने में आवेदन दिया था और 3 दिन की चेतावनी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब हमने एसपी कार्यालय आकर ज्ञापन दिया है और साफ कह दिया है कि अगर 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुईए तो हम फिर से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### क्या था विवाद

यह विवाद सोमवार को तब शुरू हुआ जब बस स्टैंड पर राहुल गांधी के एक बयान को लेकर बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान विधायक सुदेश राय पर 'मातृशक्ति' के सामने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप भी लगा।

**बयानबाजी भी चली :** घटना के बाद पूर्व विधायक रमेश सक्सेना ने एक वीडियो जारी कर विधायक को मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी। जवाब में विधायक के भांजे राजकुमार जायसवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि विधायक अपने कार्यकर्ताओं के लिए हर लड़ाई लड़ेंगे।



उन्होंने कहा कि जिन्हें राजनीतिक शुचिता की बात करनी है, उन्हें पहले उस प्रवक्ता को रोकना चाहिए था जिसने पंडित प्रदीप मिश्रा के बारे में गलत बातें लिखी थीं।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, जिला सह प्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, ओमदीप राठौर, विष्णु राठौर, ओम वर्मा,राजा राम बड़े भाई, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, जफरलाला, ओम बाबा राठौर, राकेश वर्मा, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, भूरा यादव, मुकेश ठाकुर, राकेश वर्मा, नरेंद्र खंगराले, संजय हवेली, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल,बलवान पटेल, रामनारायण शर्मा, देवीसिंह तँवर, घनश्याम यादव, हसीम कुरैशी, ईश्वर सिंह चौहान, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, राहुल ठाकुर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, कपिल गौर, राहुल ठाकुर, रामनारायण परमार, अर्जुन मेवाड़ा, नरेंद्र परमार, सुरेश ठाकुर, भोला त्यागी, आजम लाला, साजिद खान, सुनील कांवरे, तारा यादव, यश यादव, तनिष्क त्यागी, सुमित नर्रे, गजराज परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

#### बुधवार को कांग्रेस ने की निंदा

बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक में पार्टी के नेताओं ने बीजेपी के इस कदम की कड़ी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक सुदेश राय और बीजेपी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सार्वजनिक रूप से अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया, जो कि राजनीतिक इतिहास में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। कांग्रेस ने बीजेपी से इस कृत्य के लिए पश्चाताप करने की मांग की है। अब इस मामले में गुरुवार को कांग्रेसजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम डिस्ट्रिक प्रोसेस लेब का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के शुभारंभ प्रगति सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र बगरुल में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने की उपस्थिति में गुरुवार 4 को आयोजित किया गया किया गया। यह प्रशिक्षण 3 दिवस तक चलेगा। प्रशिक्षण में प्रथम दिवस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने ने कहा कि अधिकारी शासकीय योजनाओं को संवेदनशीलता से ग्राम स्तर पर लागू करें। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करें, जिससे जनजातीय समुदाय की वास्तविक समस्याओं को समझ सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग सहित स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। ये सभी विभाग आपसी समन्वय से इस अभियान को ग्राम स्तर तक पहुंचाएंगे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर जोहन सिंह परते, मदन मोहन मालवीय, पूजा चौहान, कंचना चौहान, स्नेहा साहू, संगीता धापकारी नें विभिन्न गतिविधियों के द्वारा आपसी सहयोग, एकता परस्पर सहयोग सीखाया।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस 5 सितम्बर को विभिन्न गतिविधियों के द्वारा आदि कर्म योगी अभियान को समझाया, जिसमे जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग रवि कनौजिया का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वकांशी योजना है। यह हितग्राहियो के प्रति शासन में जबाबदेहि तय करता हैं, सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस अभियान को जनजाति ग्रामो में निचले स्तर तक वंचित लोगो तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो सके और वहां से विकेंद्रिकृत योजना बन कर विकासखंड, जिले, राज्य स्तर तक आ सके जिससे जनजाति समुदाय का समग्र विकास हो सके। इसमें शासन के साथ साथ सामजिक सांगठन, सामजिक कार्यकर्ताओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। महिला बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ यंत्रिकी, पंचायत वन विभाग, स्वास्थ विभाग, की योजनाओं पऱ समूह चर्चा की गई एवं आपसी सहयोग पऱ चर्चा की गई।

## वादाखिलाफी का आरोप लगाया

# अर्जुन पुरस्कार लौटाएंगे पैरालिंपियन कपिल परमार!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

पेरिस पैरालंपिक 2024 में जूडो में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाले सीहोर के पैरालिंपियन कपिल परमार ने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का गंभीर आरोप लगाया है। सरकार की बेरुखी से दुखी होकर उन्होंने अर्जुन पुरस्कार लौटाने का ऐलान कर दिया है। कपिल ने साफ कहा है कि अगर अगले 10 दिनों में उन्हें सरकारी नौकरी नहीं दी जाती है तो वे यह पुरस्कार खेल विभाग के निदेशक को लौटा देंगे। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखा है। बता दें कपिल परमार जो कि 2019 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और 2023 ग्रैंड प्रिक्स में स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं ने बताया कि पैरालंपिक में पदक जीतने के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें एक करोड़ रुपये और सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। हालांकि, उन्हें पैसे तो मिल गए, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी नौकरी की फाइल आगे नहीं बढ़ पाई है।

### हर बार टाल रहे

कपिल ने बताया कि हर बार अधिकारी केवल यही कह देते हैं कि फाइल चल रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पैरा एथलीटों को गजटेड अधिकारी बनाने का वादा किया था, जो अभी तक पूरा नहीं हो सका है।

### सम्मान सिर्फ फोटो तक सीमित

कपिल ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी मेडल जीतता है तो नेता और अफसर केवल फोटो खिंचवाने आते हैं, लेकिन जब मदद की असली बारी आती है तो सभी पीछे हट जाते हैं। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में उनके साथी खिलाड़ी नौकरी ज्वाइन भी कर चुके हैं, लेकिन मध्य प्रदेश में केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

### मुलाकात से बच रहे मंत्री सारंग

कपिल ने खेल मंत्री और अन्य अफसरों पर भी संपर्क से बचने और सिर्फ आश्वासन देने का आरोप लगाया। उन्होंने दुख जताया कि प्रदेश भर में खेल दिवस बड़े स्तर पर मनाया गया, लेकिन उन्हें कहीं बुलाया तक नहीं गया।

## नदी को पार करते समय तेज बहाव में बहा युवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

गुरुवार को पार्वती नदी में आष्टा के रनायल बोरखेड़ा घाट पर शंकर सपेरा, उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी सेवखेड़ी रनायल तथा सुरेश सपेरा पिता अमर सिंह सपेरा, उम्र 22 वर्ष, निवासी सेवखेड़ी रनायल नदी पार कर ग्राम बोरखेड़ा की ओर जा रहे थे।

इस दौरान शंकर सपेरा पैदल नदी पार कर रहा था, जबकि सुरेश सपेरा मोटरसाइकिल से नदी पार करने का प्रयास कर रहा था। उपस्थित ग्रामीणजन एवं चौकीदार द्वारा दोनों को रोका गया, किंतु वे नहीं रुके। परिणामस्वरूप, शंकर सपेरा सुरक्षित नदी पार कर गया, परंतु सुरेश सपेरा मोटरसाइकिल सहित पार्वती नदी के तेज बहाव में बह गया। उसकी तलाश जारी है।

## खेत में लोटपोट होकर फूट-फूटकर रोया गरीब किसान, सोयाबीन की फसल बर्बाद होने पर टूटी उम्मीदें



**सीहोर।** ग्राम भैसाव नागिन में किसान प्रेम नारायण की तीन हेक्टेयर भूमि पर बोई गई सोयाबीन की फसल अधिक वर्षा, पानी भराव, कीटनाशक असर और पीला मोजेक बीमारी से पूरी तरह बर्बाद हो गई। अपनी बर्बाद फसल देखकर किसान खेत में कीचड़ में लोटपोट होकर फूट-फूट कर रोने लगा। किसान का कहना है कि उस पर नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक का दो लाख रुपये का कर्ज है, जिसे वह अब चुका नहीं पाएगा। सोयाबीन की फसल का बीज भी कर्ज लेकर बोई गई थी वह भी मैं कैसे दे पाऊंगा न तो उसे फसल बीमा की राशि मिली और न ही किसी अधिकारी ने उसकी फसल का सर्वे किया। लगातार पांच साल से खराब हो रही फसल से किसान हताश हो चुका है और अपने बच्चों का पेट कैसे भरे, यह सोचकर निराशा में डूब गया। उसका रोता-बिलखता वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने सरकार और बीमा कंपनियों से किसानों की तत्काल मदद करने की अपील की है। सीहोर जिला शाजापुर जिला के अनेकों किसान आज दुख की घड़ी में है यही हालत अनेकों किसानों के बने हुए हैं लेकिन वह अपना दुखड़ा किसको सुनाएं मनी मन में दुख और संकट में जी रहा है।

### पिछले 24 घंटे में 34.6 मिलीमीटर औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 34.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 22.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 55.0, आष्टा में 36.0, जावर में 33.0, इछावर में 20.0, भैरूंदा में 34.0, बुधनी में 30.5, रेहटी में 45.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 04 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 913.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 956.3 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 04 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 841.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 819.0, आष्टा में 705.0, जावर में 667.6, इछावर में 852.3, भैरूंदा में 956.0, बुधनी में 1289.6 तथा रेहटी में 1178.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



## ज्ञानेश चौबे को सम्मानित किया

**हरदा।** भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध शिक्षाविद् भारत रत्न डॉ. सर्वेपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को समर्पित शिक्षक दिवस शिक्षकों की समाज में अग्रणी भूमिका और उनके द्वारा युवा पीढ़ी के भविष्य निर्माण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। साधना स्कूल के प्राचार्य पद से सेवानिवृत ज्ञानेश चौबे ऐसे उत्कृष्ट उदार शिक्षक हैं जो पठन पाठन के साथ ही हरदा की अधिकांश साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में संचालक की भूमिका कुशलता से निभाते रहते हैं। हरदा जिनके हृदय में धड़कता है। हरदा नगर की प्रकृति और संस्कृति को समझना हो तो उनके द्वारा रचित हमारी यादें, हमारा हरदा एक बार जरूर पढ़ें। शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब हरदा सिटी ज्ञानेश चौबे को सम्मानित किया।

## जुलूस में हिंदू समाज ने मुस्लिम भाइयों पर पुष्प वर्षा की

# ईद मिलादुन्नबी पर हरदा में दिखा सांप्रदायिक सौहार्द का उदाहरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकले जुलूस में सांप्रदायिक सौहार्द का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। जुलूस में हिंदू समाज ने मुस्लिम भाइयों पर पुष्प वर्षा की। वहीं मुस्लिम समाज ने टॉक चौराहे पर सिद्धि विनायक मंदिर और सिद्ध वीर हनुमान मंदिर के पुजारियों का माला पहनाकर सम्मान किया। जामा मस्जिद से शुरू हुआ जुलूस घंटाघर होते हुए खेड़ीपुरा पहुंचा। फिर अन्नापुरा मस्जिद, प्रताप टॉकीज, सत्यनारायण मंदिर चौक और पोस्ट ऑफिस चौराहे से होते हुए नई सब्जी मंडी तक पहुंचा। हजारों की संख्या में लोग जुलूस में शामिल हुए। एक स्थान से जुलूस के गुजरने में एक घंटे से अधिक का समय लगा।

जुलूस में मुस्लिम भाइयों के साथ हिंदू भी शामिल हुए। जुलूस में शामिल लोग अलग-अलग रंग की पगड़ियां पहने इस्लामिक झंडे लेकर चल रहे थे। जुलूस के बाद मदरसे में परचम-ए-इस्लाम फहराया गया। नारा-ए-तकबीर और नारा-ए-रिसालत भी गूंजता रह। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म इस्लामिक माह रबीउल अव्वल की 12 तारीख को हुआ था। इस दिन को ईद मिलादुन्नबी, यौमुन्नबी या विलादत-ए-नबी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर घरों पर हरी झंडियां लगाई जातीं हैं और पूरे रबीउल अव्वल माह में जलसों का आयोजन होता है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने देश और दुनिया में अमन और सलामती की दुआएं मांगी।पैगंबर मोहम्मद साहब ने देश दुनिया को इंसानियत का पैगाम दिया।उनके जीवन से सभी को प्रेरणा मिलती है।इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथों में झंडे लेकर चादरी जुलूस में हिस्सा लिया।

### ईद मिलाद-उन-नबी पर मुस्लिम समाज ने जुलूस निकाला



**रहटगांव।** शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईद-मिलादुन्नबी का पर्व मनाया गया। जिसके चलते सुबह जुलूस निकाला गया। जो स्थानीय जामा मस्जिद से शुरू हुआ और नगर भ्रमण करके मोहनपुर से बापस जामा मस्जिद पहुंचा। जहां जुलूस समापन पर दुआएं की गई और बताया की पेंगबर साहब के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। जुलूस का मुस्लिम समाज द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया और नास्ता, चाय, पानी की व्यवस्था भी रखीं गई। वहीं इस दौरान रहटगांव तहसीलदार देवशंकर धुर्वे,थाना प्रभारी मनोज दुबे, एएसआई प्रदीप रघुवंशी सहित पुलिस स्टाफ एवं आरआई लालू तिरोले, पटवारी प्रहलाद धानक, दिनेश इवने सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी , कोटवार नगर सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।




### अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा ने उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया

**हरदा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा हरदा पदाधिकारी द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में संस्था की दायित्ववान पदाधिकारी बहनें जो सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ व उत्कृष्ट कार्य कर रही है उन्हें सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्र निर्माता, ज्ञान कुंज, बच्चों के भाग्य विधाता श्रद्धेय गुरुवर संस्था पदाधिकारी पद पर सुशोभित संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा हरदा जिला मीडिया प्रभारी हेमलता अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रश्मि बंसल, नगर मीडिया प्रभारी श्वेता अग्रवाल को संस्था की पदाधिकारी टीम द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल, विक्रांत अग्रवाल,उपाध्यक्ष रश्मि बंसल, जिला सचिव सोनाली अग्रवाल, जिला मिडिया प्रभारी हेमलता अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष मीना अग्रवाल, जिला सहसचिव रीना अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, नगर मंत्री संगीता अग्रवाल, नगर मीडिया प्रभारी श्वेता अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य सपना अग्रवाल मौजूद रहीं।